बाबा ओ बाबा तेरा दीवाना शिव भजन लिरिक्स

बाबा ओ बाबा तेरा दीवाना,
आ गया देखो भूतनाथ धाम,
तू सुने ना सुने तेरा काम,
मैं तेरा दास हो गया,
मैं तेरा दास हो गया।bd।

तर्ज – तू पहचान बन गया।

दूजा ना कोई जग में हमारा,
रोते हुए मैंने तुमको पुकारा,
नैया का मेरी तू ही किनारा,
हारे को बाबा दे दो सहारा,
आके संभालो मुझको दयालु,
रखले तू अब मुझे तेरे पास,
मैं तेरा दास हो गया,
मैं तेरा दास हो गया।bd।

मेरा ये जीवन तेरे हवाले,
बीच भंवर से तू ही निकाले,
डूब रहा हूँ मुझको बचाले,
चरणों में बाबा मुझको बिठाले,
हे भूतनाथ हे शिव शंकर,
ऐसे ना कर मुझे तू निराश,
मैं तेरा दास हो गया,
मैं तेरा दास हो गया।bd।

'महिपाल गुरु' तेरे दर पे खड़ा है,
भक्त तेरा ये ज़िद पे खड़ा है,
'हर्ष' तुम्हारा नाम बड़ा है,
मुझको तुमसे काम पड़ा है,
तू ना सुने तो कौन सुनेगा,
कर ज़रा पूरी तू मेरी आस,
मैं तेरा दास हो गया,
मैं तेरा दास हो गया।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

बाबा ओ बाबा तेरा दीवाना,
आ गया देखो भूतनाथ धाम,
तू सुने ना सुने तेरा काम,
मैं तेरा दास हो गया,
मैं तेरा दास हो गया।bd।

Singer – Manoj Mishra

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com